सत्यमेव जयते

Ministry of Ayush
Government of India

# प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल एवं कल्याण हेतु
# टैरेस उद्यान/घरेलू हर्बल उद्यान

# Terrace Garden/Home Herbal Garden
## for Primary Health Care and Well-being



**राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड**
आयुष मंत्रालय, भारत सरकार

**NATIONAL MEDICINAL PLANTS BOARD**
Ministry of Ayush, Government of India

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
आयुष मंत्रालय और
राज्य मंत्री
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार

आज़ादी का अमृत काल

सत्यमेव जयते

**प्रतापराव जाधव**
**PRATAPRAO JADHAV**

Minister of State
(Independent Charge) of
Ministry of Ayush and
Minister of State in
Ministry of Health and Family Welfare
Government of India



## संदेश

कोविड महामारी के उपरांत वर्तमान समय में मानव जीवन को उच्चतर बनाने के उद्देश्य से प्रकृति और उसके संसाधनों का इष्टतम उपयोग करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए आयुष मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड ने औषधीय पौधों के संरक्षण, विकास और उनके सतत प्रबंधन के लिए विभिन्न गतिविधियों में तेज़ी लाते हुए औषधीय उद्यानों की स्थापना का एक अनूठा और उत्कृष्ट प्रयास किया जिसमें सराहनीय सफलता मिल रही है। इस योजना के प्रारूप में लगभग तीस औषधीय पौधों जैसे तुलसी, कढ़ी पत्ता, शतावरी, ग्वारपाठा, गिलोय आदि को घरेलू उद्यान में उगाने तथा विभिन्न रोगों के उपचार हेतु जीवन में उपयोग करने को प्रोत्साहित किया जा रहा है। औषधीय पौधों की उद्यान वाटिका हमारे सामाजिक ताने-बाने में स्वास्थ्य के प्रथम सोपान के रूप कार्य करती है। इसी क्रम में "प्राथमिक देखभाल एवं कल्याण हेतु टेरेस उद्यान/ घरेलू औषधीय उद्यान" पर इस लघु पुस्तिका का प्रकाशन किया जा रहा है।

मैं राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा इस पुस्तिका के प्रकाशन की इस पहल का स्वागत एवं सराहना करता हूँ और बोर्ड को इस उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई भी देता हूँ। आशा करता हूँ कि यह पुस्तिका जन जागरूकता एवं स्वास्थ्य लाभ में अत्यंत उपयोगी साबित होगी।

**(प्रतापराव जाधव)**

27 जनवरी, 2026
नई दिल्ली

Room No. : 101, Ayush Bhawan, 'B' Block, GPO Complex, INA, New Delhi-110023
Tel. : 011-24651955, 011-24651935 E-mail : minister-ayush@nic.in
Residence : 23, Ashoka Road, New Delhi-110001, Tel. : 011-23740412, 23345478, Fax. : 011-23740413

# प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल एवं कल्याण हेतु
# टैरेस उद्यान/घरेलू हर्बल उद्यान

# Terrace Garden/Home Herbal Garden
## for Primary Health Care and Well-being


सत्यमेव जयते

**Ministry of Ayush**
**Government of India**

**राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड**
आयुष मंत्रालय, भारत सरकार

**NATIONAL MEDICINAL PLANTS BOARD**
Ministry of Ayush, Government of India

## प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल और कल्याण के लिए टेरेस उद्यान/ घरेलू हर्बल उद्यान

टेरेस उद्यान व्यवस्था में छत पर कंटेनरों या पॉलीबैग्स में पौधे उगाकर छत पर क्यारियां बनाई जाती हैं, जहाँ ज़मीन की मिट्टी सीमित होती है या उपलब्ध नहीं होती। टेरेस उद्यान में, पौधों को मिट्टी या अन्य वृद्धि माध्यमों से भरे कंटेनरों में उगाया जाता है, और प्रायः पानी के डिब्बों या ड्रिप सिंचाई प्रणाली का उपयोग करके सिंचाई की जाती और खाद दिया जाता है। टेरेस उद्यान छोटे या बड़े हो सकते हैं, और इनका उपयोग विभिन्न प्रकार के पौधे उगाने के लिए किया जा सकता है, जिसमें सब्जियाँ, जड़ी-बूटियाँ, फूल और छोटे पेड़ या झाड़ियाँ आदि शामिल हैं।

टेरेस गार्डनिंग शहरी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों या जिनके पास सीमित बाहरी स्थान होता है उनके लिए एक लोकप्रिय विकल्प है, क्योंकि इससे उन्हें अपने पौधे उगाने और एक छोटी, सुविधाजनक जगह में बागवानी के लाभ प्राप्त होते हैं।

### लाभ

- **स्थान की बचत:** टेरेस उद्यान छोटे या सीमित बाहरी स्थान, जैसे कि छत का उपयोग करने का एक बेहतर तरीका है।
- **बेहतर वायु गुणवत्ता:** पौधे हवा को शुद्ध करने और वायु गुणवत्ता में सुधार करने में मदद कर सकते हैं, जो शहरी क्षेत्रों में विशेष रूप से फायदेमंद हो सकता है जहाँ वायु प्रदूषण होता है।
- **बेहतर मानसिक स्वास्थ्य:** टेरेस बागवानी से तनाव कम होने और मूड सुधार जैसे कई मानसिक स्वास्थ्य लाभ होते हैं। टेरेस उद्यान आराम करने और तनाव दूर करने के लिए एक शांतिपूर्ण, आनंददायक स्थान प्रदान कर सकता है।
- **स्वास्थ्य लाभ:** स्वास्थ्य या प्रतिरक्षा प्रणाली में सुधार होता है और प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल का समाधान प्राप्त होता है।

### घरेलू हर्बल उद्यान के बारे में

घरेलू हर्बल उद्यान प्रायः बगीचे में एक ऐसा स्थान है, जो जड़ी-बूटियों या औषधीय और सुगंधित पौधों के एक विशिष्ट समूह को उगाने के लिए समर्पित होता है, जो कम लागत, सुलभ प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल का समाधान प्रदान करता है और लोगों को प्रकृति से जोड़ता है।

घरेलू हर्बल उद्यान का उद्देश्य प्रत्येक घर में सभी आयु समूहों के व्यक्तियों की दैनिक हर्बल औषधीय आवश्यकताओं और पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करना है और इसे खाली भूमि वाले प्रत्येक घर में आसानी से उगाया जा सकता है।

राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड, आयुष मंत्रालय लोगों के लाभ के लिए विभिन्न प्रकार के हर्बल उद्यान जैसे स्कूल हर्बल उद्यान, संस्थागत हर्बल उद्यान और राष्ट्रीय/राज्य महत्व के हर्बल उद्यान विकसित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है ताकि औषधीय पौधों के उपयोग के बारे में जागरूकता पैदा की जा सके और पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों में महत्वपूर्ण संभावित औषधीय पौधों के उपयोग को संरक्षित किया जा सके।

# About Terrace Garden/ Home Herbal Garden for Primary Health Care and Well-being

Terrace garden which involves growing plants in containers or polybags to create beds on terrace, rooftop space with limited or no access to ground soil. In a terrace garden, plants are grown in containers filled with soil or other growing media, and are often irrigated and fertilized using water cans or drip irrigation systems. Terrace gardens can be small or large, and can be used to grow variety of plants, including vegetables, herbs, shrubs, small trees & climbers.

Terrace gardening is a popular option for people living in urban areas or those with limited outdoor space, as it allows them to grow their own plants and get the benefits of gardening in a small, convenient space.

## Benefits

- **Space saving:** Terrace gardens are a great way to make use of small or limited outdoor space, such as rooftop.
- **Improved air quality:** Plants can help to purify the air and improve air quality, which can be especially beneficial in urban areas where air pollution is common.
- **Improved mental health:** Terrace Gardening has been shown to have a number of mental health benefits, such as reducing stress and improving mood. A terrace garden can provide a peaceful, enjoyable space to relax and de-stress.
- **Health Benefits:** Improve Health or Immune system and get the primary healthcare solution.

## About Home Herbal Garden

A Home herbal garden is required a dedicated space to growing a specific group of plants like herbs or medicinal and aromatic plants, offering a low-cost, accessible primary healthcare solution and connecting individuals with nature.

Home herbal garden is meant to cater for the daily herbal medicinal requirement and also the nutritional requirement of the individuals of all age groups in each household and it can be easily raised in every household having a vacant land area.

National Medicinal Plants Board, Ministry of Ayush is providing financial supports to develop different kinds of herbal gardens i.e School herbal garden, Institutional herbal garden, and National/State importance herbal garden for the benefits of the people and to create awareness above the uses of Medicinal plants also to conserved important potential medicinal plants in the traditional systems of medicine.

| क्र.सं. | वैज्ञानिक नाम | सामान्य नाम |
|---|---|---|
| 1. | *एलियम सटाईवम* एल. | लहसुन |
| 2. | *एलो विरा* (एल.) बर्म.एफ. | ग्वारपाठा |
| 3. | *अल्पिनिया गैलंगा* (एल.) विल्ड. | कुलंजन |
| 4. | *एंड्रोग्राफिस पैनिक्युलेटा* (बर्म. एफ़.) वाल. एक्स नीस | कालमेघ |
| 5. | *अस्परागस रेसीमोसस* विल्ड. | शतावरी |
| 6. | *बकोपा मोनिएरी* (एल.) वेटस्ट. | ब्राह्मी |
| 7. | *कैरिका पपाया* एल. | पपीता |
| 8. | *कैथेरन्थस रोसियस* ( एल. ) जी.डॉन | सदाबहार |
| 9. | *सेंटेला एशियाटिका* (एल.) उर्ब | मंडुकपर्णी |
| 10. | *सिट्रस लिमोन* (एल.) ओस्बेक | नींबू |
| 11. | *कोलियस एम्बोइनिकस* लौर. | पत्ता अजवाइन |
| 12. | *कॉस्टस पिक्टस* डी.डॉन | इंसुलिन प्लांट |
| 13. | *क्राईनम एशियाटिकम* एल. | सुदर्शन |
| 14. | *करकुमा लोंगा* एल. | हल्दी |
| 15. | *एक्लिप्टा प्रोस्ट्रेटा* (एल.) एल. | भृंगराज |
| 16. | *जिम्नेमा सिल्वेस्ट्रे* (रेट्ज़.) आर.बीआर. एक्स एसएम. | गुड़मार |
| 17. | *हिबिस्कस रोजा-सिनेंसिस* एल. | गुड़हल |
| 18. | *कलंचो पिन्नाटा* (लम.) पेर्स. | पत्थरचट्टा |
| 19. | *मेंथा स्पाइकेटा* एल. | पुदीना |
| 20. | *मुराया कोनिजी* (एल.) स्प्रेंग. | करी पत्ता |
| 21. | *ओसीमम टेनुफ्लोरम* एल. | तुलसी |
| 22. | *फाईलेन्थस ऐमरस* शूमाक. एण्ड थॉन. | भूमि आमला |
| 23. | *पाइपर बीटल* एल. | पान |
| 24. | *प्लांटैगो ओवेटा* फ़ोर्स्क. | इसबगोल |
| 25. | *पुनिका ग्रैनेटम* एल. | अनार |
| 26. | *साल्विया रोसमारिनस* स्पेनं | रोज़मेरी |
| 27. | *सोलेनम नाइग्रम* लेस्च. एक्स डनल | मकोई |
| 28. | *टिनोस्पोरा कॉर्डीफोलिया* (विल्ड.) हुक.एफ. एंड थामसन | गिलोय |
| 29. | *ट्राइगोनेला फोइनम ग्रेसीयम* एल. | मेथी |
| 30. | *जिंजीबर ऑफ़िसिनेल* रोस्को | अदरक |

| S. No. | Scientific name | Comman name |
|---|---|---|
| 1. | *Allium sativum* L. | Lahsun |
| 2. | *Aloe vera* (L.) Burm.f. | Gwarpatha |
| 3. | *Alpinia galanga* (L.) Willd. | Kulanjan |
| 4. | *Andrographis paniculata* (Burm.f.) Wall. ex Nees | Kalmegh |
| 5. | *Asparagus racemosus* Willd. | Shatavari |
| 6. | *Bacopa monnieri* (L.) Wettst. | Brahmi |
| 7. | *Carica papaya* L. | Papita |
| 8. | *Catharanthus roseus* (L.) G. Don | Sadabahar |
| 9. | *Centella asiatica* (L.) Urb. | Mandukparni |
| 10. | *Citrus limon* (L.) Osbeck | Nimbu |
| 11. | *Coleus amboinicus* Lour. | Patta Ajwain |
| 12. | *Costus pictus* D. Don | Insulin Plant |
| 13. | *Crinum asiaticum* L. | Sudarshan |
| 14. | *Curcuma longa* L. | Haldi |
| 15. | *Eclipta prostrata* (L.) L. | Bhringaraj |
| 16. | *Gymnema sylvestre* (Retz.) R.Br. ex Sm. | Gurmar |
| 17. | *Hibiscus rosa-sinensis* L. | Gudhal |
| 18. | *Kalanchoe pinnata* (Lam.) Pers. | Patharchatta |
| 19. | *Mentha spicata* L. | Pudina |
| 20. | *Murraya koenigii* (L.) Spreng. | Kari patta |
| 21. | *Ocimum tenuiflorum* L. | Tulsi |
| 22. | *Phyllanthus amarus* Schumach. & Thonn. | Bhumi amla |
| 23. | *Piper betle* L. | Paan |
| 24. | *Plantago ovata* Forssk. | Isabgol |
| 25. | *Punica granatum* L. | Anar |
| 26. | *Salvia rosmarinus* spenn. | Rosemary |
| 27. | *Solanum nigrum* lesch.ex Dunal | Makoi |
| 28. | *Tinospora cordifolia* (Willd.) Hook.f. & Thomson | Giloy |
| 29. | *Trigonella foenum-graecum* L. | Methi |
| 30. | *Zingiber officinale* Roscoe | Adrak |



01

## लहसून [*एलियम स्टाईवम* एल.]
## Lahsun [*Allium sativum* L.]

- **प्रकृति:** यह एक बहुवर्षी जड़ी बूटी है
- **प्रवर्धन:** गंठी या बल्बलेट के माध्यम से।
- **रोपण का महीना:** सितंबर - अक्तूबर।
- **प्रयुक्त भाग :** बल्ब
- **उपयोग:** उच्च कोलेस्ट्रॉल स्तर और रक्त शर्करा से निपटने में मदद करता है, यौन शक्ति वर्धक।

- **Habit:** It is a perennial herb
- **Propagation:** Through clove or bulblet.
- **Month for Plantation:** September-October.
- **Part Used:** Bulb
- **Uses:** Helps to combat high cholesterol level and Blood sugar, Good Sexual tonic.



02

## ग्वारपाठा [*एलोविरा* (एल.) बर्म.एफ.]
## Gwarpatha [*Aloe vera* (L.) Burm.F.]

- **प्रकृति:** एलोवेरा एक शाकीय बहुवर्षी पौधा है।
- **प्रवर्धन:** पप (ऑफसेट) के माध्यम से
- **रोपण का महीना:** जून-जुलाई।
- **प्रयुक्त भाग :** पत्तियां
- **उपयोग:**बुखार, कब्ज, आंखों की समस्या, प्लीहा और यकृत की वृद्धि, त्वचा रोग, बालों की समस्याएँ, कट, घाव और जलना, सौंदर्य वर्धक।

- **Habit:** It is an herbaceous perennial plant.
- **Propagation:** Through Pups (offsets)
- **Month for Plantation:** June-July
- **Part Used:** Leaves
- **Uses:** Fever, constipation, eye problem, enlargement of spleen and liver, skin disease, hair Problems, cut, wounds and burn, Cosmetics.



## 03

## कुलंजन [*अल्पिनिया गैलंगा* एल विल्ड]
## Kulanjan [*Alpinia galanga* (L.) Willd.]

- **प्रकृति:** यह एक बहुवर्षी जड़ी बूटी है।
- **प्रवर्धन:** प्रकंद के माध्यम से।
- **रोपण का महीना:** फरवरी से मध्य अप्रैल तक
- **प्रयुक्त भाग :** प्रकंद (भूमिगत तने)
- **उपयोग:** खाँसी, जुकाम एवं गले के रोग में उपयोगी, सूजनरोधी, एंटीऑक्सीडेंट और रोगाणुरोधी प्रभाव।

- **Habit:** It is a perennial herb.
- **Propagation:** Through rhizome.
- **Month for Plantation:** February-mid-April
- **Part Used:** Rhizomes (underground stems)
- **Uses:** Useful in cough and cold, Beneficial for throat, Anti-inflammatory, Antioxidant, and Antimicrobial effects.



## 04

## कालमेघ [*एंड्रोग्राफिस पैनिक्युलेटा* (बरम.एफ.) वाल. ऐक्स नीस]
## Kalmegh [*Andrographis paniculata* (Burm.f.) Wall. ex Nees]

- **प्रकृति:** यह एक वार्षिक जड़ी बूटी है।
- **प्रवर्धन:** बीज और कटिंग के माध्यम से।
- **रोपण का महीना:** मई -जून।
- **प्रयुक्त भाग :** प्रकंद
- **उपयोग:** बुखार, मधुमेह, विभिन्न संक्रमणों का इलाज, यकृत की समस्याओं और सूजन संबंधी स्थितियों का उपचार

- **Habit:** It is an erect annual herb.
- **Propagation:** Through seed and cutting.
- **Month for Plantation:** May-June
- **Part Used:** Rhizome.
- **Uses:** Fever, Diabetes, Treating various infections, Liver problems, and Inflammatory conditions.



05

## शतावरी [*अस्परागस रेसीमोसस* विल्ड.]
## Shatavari [*Asparagus racemosus* Willd.]

- **प्रकृति:** यह बहुवर्षी झाड़ी है
- **प्रवर्धन:** बीज और प्रकंद द्वारा
- **रोपण का महीना:** जून-जुलाई।
- **प्रयुक्त भाग :** जड़
- **उपयोग:** प्रसुता में दुग्ध बढाने हेतु, महिला स्वास्थ्य हेतु विविध प्रकार से उपयोगी।

- **Habit:** It is perennial shrub.
- **Propagation:** Through seed and rhizome.
- **Month for Plantation:** June-July.
- **Part Used:** Root
- **Uses:** Lactation and helpful for female's various problem.



06

## ब्राह्मी [*बकोपा मोनिएरी* (एल.) वेटस्ट.]
## Brahmi [*Bacopa monnieri* (L.) Wettst.]

- **प्रकृति:** यह बहुवर्षी रसीली, चिकनी, रेंगने वाली जड़ी बूटी है
- **प्रवर्धन:** शूट कटिंग और बीज के माध्यम से
- **रोपण का महीना:** मई से जुलाई ।
- **प्रयुक्त भाग :** पूरा पौधा
- **उपयोग:** बालों के विकास को बढ़ावा देना, एंटीऑक्सीडेंट, मस्तिष्क की कार्यक्षमता बढ़ाना

- **Habit:** It is perennial succulent, glabrous, creeping herb.
- **Propagation:** Through shoot cutting and seed.
- **Month for Plantation:** May-July.
- **Part Used:** Whole plant
- **Uses:** Promote hair growth, Antioxidants, Boost brain function.



## 07

**पपीता** [*कैरिका पपाया* **एल.**]
**Papita** [*Carica papaya* **L.**]

- **प्रकृति:** यह एक अल्पकालिक बहुवर्षी और छोटा, तेजी से बढ़ने वाला पेड़ है।
- **प्रवर्धन:** बीज के माध्यम से
- **रोपण का महीना:** फरवरी-मार्च, जून-जुलाई और अक्टूबर-नवंबर।
- **प्रयुक्त भाग :** फल, जड़, पत्तियां
- **उपयोग:** फल पाचक एवं स्तन्यजनन, पत्र डेंगू में उपयोगी।

- **Habit:** It is a short-lived perennial and small, fast growing tree.
- **Propagation:** Through seed.
- **Month for Plantation:** February-March, June-July and October-November.
- **Part Used:** Fruit, Root, Leaves
- **Uses:** Fruits are digestant & galactagogue, leaves are useful in Dengue.



## 08

**सदाबहार**
[*कैथेरन्थस रोसियस* **( एल. ) जी. डॉन**]
**Sadabahar**
[*Catharanthus roseus* **(L.) G. Don**]

- **प्रकृति:** यह एक बहुवर्षी छोटी जड़ी बूटी या उप-झाड़ी है।
- **प्रवर्धन:** बीज के माध्यम से
- **रोपण का महीना:** जून-जुलाई या सितंबर-अक्तूबर।
- **प्रयुक्त भाग :** पत्तियां और जड़ें
- **उपयोग:** कैंसर और मधुमेह के उपचार में।
  जड़ के पेस्ट का उपयोग सेप्टिक घावों के लिए किया जाता है।

- **Habit:** It is a perennial small herb or sub-shrub.
- **Propagation:** Through seed.
- **Month for Plantation:** June - July or September – October.
- **Part Used:** Leaves and Roots
- **Uses:** In treatment of cancer and Diabetes. Root paste is used for septic wounds.



09

## मंडूकपर्णी
[*सेंटेला एशियाटिका* **(एल) उर्ब.**]
## Mandukparni
[*Centella asiatica* **(L.) Urb.**]

- **प्रकृति:** यह एक रेंगने वाली जड़ी बूटी है।
- **प्रवर्धन:** रूट सकर के माध्यम से
- **रोपण का महीना:** जुलाई-अगस्त
- **प्रयुक्त भाग :** पत्तियां
- **उपयोग:** मस्तिष्क टॉनिक के रूप में कार्य करती है, जलन के साथ कम पेशाब से राहत देती है।

- **Habit:** It is a creeping herb.
- **Propagation:** Through root sucker
- **Month for Plantation:** July-August.
- **Part Used:** Leaves.
- **Uses:** Act as brain tonic, Relief from scanty urination with burning sensation.



10

## नींबू [*सिट्रस लिमोन* **(एल.) ओस्बेक**]
## Nimbu [*Citrus limon* **(L.) Osbeck**]

- **प्रकृति:** यह एक छोटा सदाबहार पेड़ है।
- **प्रवर्धन:** बीज और कटिंग के माध्यम से।
- **रोपण का महीना:** मार्च-मई या सितंबर-नवंबर।
- **प्रयुक्त भाग :** फल।
- **उपयोग:** प्रतिरक्षा प्रणाली में सुधार, यकृत उद्दीपक के रूप में कार्य करना, गुर्दे की पथरी को रोकना, मितली ( उलटी ) को नियंत्रित करना और सीने की जलन से राहत देना।

- **Habit:** It is a small evergreen tree.
- **Propagation:** Through seed and cutting.
- **Month for Plantation:** March-May or September-November.
- **Part Used:** Fruit.
- **Uses:** Improve immune system, Acting as a liver stimulant, Prevent kidney stones, Controlling nausea, and Relieving heartburn.

## 11



**पत्ता अजवाइन**
[*कोलियस एम्बोइनिकस* **लौर.**]
**Patta Ajwain**
[*Coleus amboinicus* **Lour.**]

- **प्रकृति:** यह बहुवर्षी, सगंधीय जड़ी बूटी है।
- **प्रवर्धन:** स्टेम कटिंग के माध्यम से
- **रोपण का महीना:** मार्च, अप्रैल और मई।
- **प्रयुक्त भाग :** पत्तियां
- **उपयोग:** अपच, पेट फूलना और गैस।

- **Habit:** It is a perennial, aromatic herb.
- **Propagation:** Through stem cutting.
- **Month for Plantation:** March, April, and May.
- **Part Used:** Leaves.
- **Uses:** Indigestion, Bloating, and Gas.

## 12



**इंसुलिन प्लांट**
[*कॉस्टस पिक्टस* **डी. डॉन**]
**Insulin Plant**
[*Costus pictus* **D. Don**]

- **प्रकृति:** यह एक बहुवर्षी प्रकंद जड़ी बूटी है
- **प्रवर्धन:** प्रकंद और तने की कटिंग के माध्यम से।
- **रोपण का महीना:** जून-सितंबर।
- **प्रयुक्त भाग :** प्रकंद और प्ररोह भाग
- **उपयोग:** मधुमेह प्रबंधन, सूजन को कम करना, एंटी-ऑक्सीडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी और रोगाणुरोधी गुण।

- **Habit:** It is a perennial rhizomatous herb. .
- **Propagation:** Through rhizome and stem cutting.
- **Month for Plantation:** June-September
- **Part Used:** Rhizomes and Aerial parts
- **Uses:** Diabetes management, Reducing swelling, Anti-oxidant, Anti-inflammatory, and Antimicrobial properties.



13

## सुदर्शन [*क्राईनम एशियाटिकम* एल.]
## Sudarshan [*Crinum asiaticum* L.]

- **प्रकृति:** यह एक घनी, रोयेंदार, जड़ी-बूटी है
- **प्रवर्धन:** बीज के माध्यम से
- **रोपण का महीना:** जून-जुलाई
- **प्रयुक्त भाग :** जड़, पत्तियां, बीज
- **उपयोग:** तनाव प्रबंधन, नींद में सुधार आदि।

- **Habit:** It is a dense, hairy, erect herb.
- **Propagation:** Through seed.
- **Month for Plantation:** June - July
- **Part Used:** Root, Leaves, Seed.
- **Uses:** Managing stress, Improving sleep etc.



14

## हल्दी [*करकुमा लोंगा* एल.]
## Haldi [*Curcuma longa* L.]

- **प्रकृति:** यह एक बहुवर्षी जड़ी बूटी है
- **प्रवर्धन:** प्रकंद के द्वारा
- **रोपण का महीना:** अप्रैल और मई
- **प्रयुक्त भाग :** प्रकंद
- **उपयोग:** यह अल्सर, घाव, मधुमेह, नेत्र रोग, एडिमा, एनीमिया, ब्रोंकाइटिस और यकृत रोगों में उपयोगी है।

- **Habit:** It is a perennial herb.
- **Propagation:** Through rhizome.
- **Month for Plantation:** April and May.
- **Part Used:** Rhizomes
- **Uses:** It is useful in ulcers, Wounds, Diabetes, Eye diseases, Edema, Anaemia, Bronchitis and Liver infections.



## 15

**भृंगराज**
[*एक्लिप्टा प्रोस्ट्रेटा* **(एल.) एल.**]
**Bhringaraj**
[*Eclipta prostrata* **(L.) L.**]

- **प्रकृति:** यह एक सीधी या फैली हुई, वार्षिक जड़ी बूटी है
- **प्रवर्धन:** बीज और तने की कटिंग के माध्यम से
- **रोपण का महीना:** अप्रैल-अगस्त
- **प्रयुक्त भाग :** पूरा पौधा
- **उपयोग:** बालों के विकास को बढ़ावा देना, एडिमा, बुखार, यकृत विकार और आमवातीय जोड़ों के दर्द का उपचार।

- **Habit:** It is an erect or prostrate, annual herb.
- **Propagation:** Through seed and stem cutting.
- **Month for Plantation:** April-August
- **Part Used:** Whole plant
- **Uses:** Promoting hair growth, Treatment of edema, Fever, Liver disorders, and Rheumatic joint pain.



## 16

**गुड़मार** [*जिम्नेमा सिल्वेस्ट्रे* **(रेट्ज़.)**]
**आर. बीआर. एक्स एसएम.**
**Gurmar** [*Gymnema sylvestre* **(Retz.)**]
**R. Br. ex Sm.**

- **प्रकृति:** यह एक काष्ठीय, बहुवर्षी चढ़ने वाली लता है।
- **प्रवर्धन:** बीज या तने की कटिंग के माध्यम से
- **रोपण का महीना:** जून-जुलाई।
- **प्रयुक्त भाग :** पत्तियां
- **उपयोग:** मधुमेह प्रबंधन और वजन घटाने।

- **Habit:** It is a woody, perennial climber.
- **Propagation:** Through seed and stem cutting..
- **Month for Plantation:** June to July.
- **Part Used:** Leaves.
- **Uses:** Managing Diabetes and Weight loss

## 17



**गुड़हल** [*हिबिस्कस रोजा-सिनेंसिस* **एल.**]
**Gudhal** [*Hibiscus rosa-sinensis* **L.**]

- **प्रकृति:** यह एक बहुवर्षी जड़ी बूटी है
- **प्रवर्धन:** स्टेम कटिंग, बीज प्रसार, लेयरिंग और ग्राफ्टिंग के माध्यम से
- **रोपण का महीना:** मार्च
- **प्रयुक्त भाग :** फूल
- **उपयोग:** प्रदरनाशक, गर्भनिरोधक और बालों के लिए लाभदायक

- **Habit:** It is a perennial herb.
- **Propagation:** Through Stem cutting, seed propagation, layering and grafting.
- **Month for Plantation:** March
- **Part Used:** Flower
- **Uses:** Menorrhagia treatment, Contraceptive and Hair tonic

## 18



**पथरचट्टा**
[*कलंचो पिन्नाटा* **(लैम.) पर्स.**]
**Patharchatta**
[*Kalanchoe pinnata* **(Lam.) Pers.**]

- **प्रकृति:** यह बहुवर्षी रसदार पौधा है।
- **प्रवर्धन:** तने की कटिंग और पत्ती की कटिंग के माध्यम से।
- **रोपण का महीना:** जनवरी-फरवरी।
- **प्रयुक्त भाग :** पत्तियां
- **उपयोग:** पथरी, आंत्र संबंधी समस्याएं, अल्सर, गठिया, सूजन, नेत्रश्लेष्मलाशोथ, मासिक धर्म संबंधी विकार, माइग्रेन, घाव और पेचिश।

- **Habit:** It is perennial succulent plant.
- **Propagation:** Through stem cutting and leaf cutting.
- **Month for Plantation:** January-February
- **Part Used:** Leaves
- **Uses:** Calculus, Intestinal issues, Ulcers, Arthritis, Inflammation, Conjunctivitis, Menstrual disorders, Migraines, Wounds, and Dysentery



## 19

**पुदीना** [*मेंथा स्पाइकेटा* **एल.**]
**Pudina** [*Mentha spicata* **L.**]

- **प्रकृति:** यह एक शाकीय बहुवर्षी पौधा है
- **प्रवर्धन:** तने की कटिंग और स्टोलन (भूमिगत तने)
- **रोपण का महीना:** समशीतोष्ण जलवायु में शरद ऋतु या वसंत
- **प्रयुक्त भाग :** पत्तियां और पुष्पी शीर्ष
- **उपयोग:** सूजन, ब्रोंकाइटिस, दांत दर्द, ऐंठन, बुखार, सिरदर्द, पेट दर्द और गले में खराश।

- **Habit:** It is an herbaceous perennial plant.
- **Propagation:** Through stem cutting and stolon (underground stem).
- **Month for Plantation:** Autumn or spring in temperate climates.
- **Part Used:** Leaves and Flowering tops.
- **Uses:** Inflammation, bronchitis, toothaches, Cramps, Fever, Headaches, stomach pain and Sore throat.



## 20

**करीपत्ता**
[*मुराया कोनिजी* **(एल.) स्प्रेंग.**]
**Kari patta**
[*Murraya koenigii* **(L.) Spreng.**]

- **प्रकृति:** यह एक बहुवर्षी सगंधीय पेड़ है।
- **प्रवर्धन:** बीज के माध्यम से
- **रोपण का महीना:** मई-जून।
- **प्रयुक्त भाग :** पत्तियां
- **उपयोग:** भूख और पाचन को बढ़ावा देना, त्वचा के लिए उपयोगी, कृमि की परेशानी, पेट में जलन

- **Habit:** It is a perennial, aromatic tree.
- **Propagation:** Through seed.
- **Month for Plantation:** May-June.
- **Part Used:** Leaves
- **Uses:** Promote appetite and Digestion, Useful in skin diseases, Worm troubles, Burning sensation in stomach.



## 21

## तुलसी [*ओसीमम टेनुइफ्लोरम* एल.]
## Tulsi [*Ocimum tenuiflorum* L.]

- **प्रकृति:** यह द्विवार्षिक या बहुवर्षी, सीधा, शाकीय पौधा है।
- **प्रवर्धन:** बीज के माध्यम से
- **रोपण का महीना:** मार्च या अप्रैल।
- **प्रयुक्त भाग :** पत्तियां /पूरा पौधा
- **उपयोग:** अश्मरी मधुमेह, बुखार, खांसी, सर्दी, ब्रोंकाइटिस, गठिया, ऐंठन, प्रतिरक्षात्मक प्रभाव आदि।

- **Habit:** It is biennial or perennial, an erect, herbaceous plant.
- **Propagation:** Through seed.
- **Month for Plantation:** March or April.
- **Part Used:** Leaves /Whole plant.
- **Uses:** Kidney stone, Anti-diabetic, Fever, Cough, Cold, Bronchitis, Arthritis, Convulsions, Immunologic effect etc.



## 22

## भूमि आंवला [*फाईलेन्थस ऐमरस* शूमाक. एण्ड थॉन.]
## Bhumi amla [*Phyllanthus amarus* Schumach. & Thonn.]

- **प्रकृति:** यह एक छोटी वार्षिक जड़ी-बूटी है।
- **प्रवर्धन:** बीज के माध्यम से
- **रोपण का महीना:** अप्रैल-मई
- **प्रयुक्त भाग :** पूरा पौधा
- **उपयोग:** पीलिया, त्वचा रोग, मधुमेह, प्रदर, सूज़ाक, मासिक धर्म में रक्तस्राव तथा मूत्र संबंधी समस्याओं का उपचार

- **Habit:** It is a small annual herb.
- **Propagation:** Through Seed.
- **Month for Plantation:** April-May.
- **Part Used:** Whole plant
- **Uses:** Jaundice, Skin ailments, Diabetes, Treating leucorrhoea, Gonorrhoea, Menorrhoea, and other urinary problems.



## 23

### पान [*पाइपर बीटल* एल.]
### Pan [*Piper beetle* L.]

- **प्रकृति:** यह रेंगने वाला या चढ़ने वाला बहुवर्षी लता है।
- **प्रवर्धन:** तने की कटिंग और बीज के माध्यम से।
- **रोपण का महीना:** जून से अगस्त
- **प्रयुक्त भाग :** पत्तियां
- **उपयोग:** सांस की बदबू, सर्दी, खांसी और अपच जैसी स्थितियों का इलाज करना।

- **Habit:** It is a perennial climber with a creeping or climbing.
- **Propagation:** Through stem cutting and seed.
- **Month for Plantation:** June to August.
- **Part Used:** Leaves
- **Uses:** Treating conditions like bad breath, Cold, Cough, and Indigestion.



## 24

### इसबगोल [*प्लांटैगो ओवेटा* फ़ोर्स्क]
### Isabgol [*Plantago ovata* Forsk.]

- **प्रकृति:** यह एक वार्षिक जड़ी बूटी है
- **प्रवर्धन:** बीज के माध्यम से।
- **रोपण का महीना:** अक्टूबर-नवंबर।
- **प्रयुक्त भाग :** बीज का भूसी
- **उपयोग:** एक प्राकृतिक रेचक, पाचन में सहायता करती है, कब्ज़ से राहत देती है।

- **Habit:** It is an annual herb.
- **Propagation:** Through seed.
- **Month for Plantation:** October- November
- **Part Used:** The husk of the seed.
- **Uses:** A natural laxative, aiding digestion, Relieving constipation.

## 25



### अनार [*पुनिका ग्रैनेटम* **एल.**]
### Anar [*Punica granatum* **L.**]

- **प्रकृति:** यह एक बहुवर्षी बडी पर्णपाती झाड़ी है।
- **प्रवर्धन:** बीज और कटिंग के माध्यम से।
- **रोपण का महीना:** जुलाई-अगस्त
- **प्रयुक्त भाग :** फल का छिलका, फल, बीज, फूल
- **उपयोग:** दस्त, आंखों की समस्या, उल्टी, कृमि में फल और फल का छिलका अत्यधिक प्रभावी है।

- **Habit:** It is perennial a large deciduous shrub.
- **Propagation:** Through seed and cutting.
- **Month for Plantation:** July-August.
- **Part Used:** Fruit rind, Fruit, Seeds, Flower
- **Uses:** Fruit and fruit rind is highly effective in diarrhoea, Eye problem, Vomiting, Worms.

## 26



### रोज़मेरी [*साल्विया रोसमारिनस* **स्पेन**]
### Rosemary [*Salvia rosmarinus* **spenn.**]

- **प्रकृति:** यह सदाबहार झाड़ी है
- **प्रवर्धन:** तने की कटिंग के माध्यम से।
- **रोपण का महीना:** सितंबर-अक्तूबर
- **प्रयुक्त भाग :** पत्तियां और टहनियाँ
- **उपयोग:** प्रतिरक्षा तंत्र को बढ़ावा देना, दर्द से राहत देना, याददाश्त में सुधार करना, स्वस्थ रक्त संचार को बढ़ावा देना और बालों की बढ़ौतरी में तेजी लाना।

- **Habit:** It is an evergreen shrub.
- **Propagation:** Through stem cutting.
- **Month for Plantation:** September – October.
- **Part Used:** Leaves and Twigs
- **Uses:** Boosting the immune system, Relieving pain, Improving memory, Promoting healthy blood circulation, and Accelerating hair growth.

## 27



### मकोय
[*सोलनम नाइग्रम* **लेस्च.एक्स डनल**]

### Makoi
[*Solanum nigrum* **lesch.ex Dunal**]

- **प्रकृति:** यह वार्षिक पादप है
- **प्रवर्धन:** बीज के माध्यम से
- **रोपण का महीना:** शुरुआती वसंत (फरवरी से मार्च) से ग्रीष्मकाल (जून से जुलाई) तक
- **प्रयुक्त भाग :** पत्तियां, फल (बेरीज), तने और जड़ें
- **उपयोग:** यकृत रोग मे उपयोगी, गठिया, सूजन, खांसी, अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, घाव, अल्सर, उल्टी, हृदय रोग, त्वचा रोग, बुखार।

- **Habit:** It is Annual herb.
- **Propagation:** Through Seed.
- **Month for Plantation:** Early spring (February to march) to Summer (June to July)
- **Part Used:** Leaves, Fruits (berries), Stems, and Roots
- **Uses:** Liver disorders, Rheumatalgia, swellings, cough, asthma, bronchitis, wounds, ulcers, vomiting, cardiopathy, skin diseases, fever.

## 28



### गिलोय [*टिनोस्पोरा कॉर्डीफोलिया* **(विल्ड.) हुक. एफ. एंड**]

### Giloy [*Tinospora cordifolia* **(Willd.) Hook.f. & Thomson**]

- **प्रकृति:** यह एक संघचारी , चिकना, द्विनर पौधा है।
- **प्रवर्धन:** तने की कटिंग्स और बीज के माध्यम से।
- **रोपण का महीना:** जुलाई और अगस्त के बीच
- **प्रयुक्त भाग :** तना
- **उपयोग:** बुखार, प्रतिरक्षा तंत्र विकास, मधुमेह, वातरक्त

- **Habit:** It is a gregarious glabrous, twinner plant.
- **Propagation:** Through stem cutting and seed.
- **Month for Plantation:** Between July and August.
- **Part Used:** Stem.
- **Uses:** Fever, Immunobooster, Diabetes, Gout.



## 29

**मेथी**
[*ट्राइगोनेला फोइनम ग्रेसीयम* **एल.**]
**Methi**
[*Trigonella foenum-graecum* **L.**]

- **प्रकृति:** यह एक वार्षिक शाकीय पौधा है।
- **प्रवर्धन:** बीज के माध्यम से
- **रोपण का महीना:** अक्तूबर और नवंबर।
- **प्रयुक्त भाग :** बीज और पत्तियां
- **उपयोग:** रक्त शर्करा और कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करता है।

- **Habit:** It is an annual herbaceous plant.
- **Propagation:** Through seed
- **Month for Plantation:** October-November.
- **Part Used:** Seeds and Leaves
- **Uses:** Regulate blood sugar and Cholesterol.



## 30

**अदरक** [*जिंजीबर ऑफ़िसिनेल* **रोस्को**]
**Adrak** [*Zingiber officinale* **Roscoe**]

- **प्रकृति:** यह एक प्रकंदयुक्त बहुवर्षी जड़ी बूटी है
- **प्रवर्धन:** प्रकंद के माध्यम से
- **रोपण का महीना:** मई या जून की शुरुआत।
- **प्रयुक्त भाग :** प्रकंद
- **उपयोग:** यह हृदय रोग, सूजन, अस्थमा, यकृत विकार, एनीमिया, गठिया, और रुमेटाइड गठिया में उपयोगी है।

- **Habit:** It is a rhizomatous perennial herb.
- **Propagation:** Through Rhizome.
- **Month for Plantation:** May or early June.
- **Part Used:** Rhizome
- **Uses:** It is useful in heart disease, Swelling, Asthma, Liver disorders, Anaemia, Arthritis, and Rheumatoid arthritis

# Source of Quality Planting Material of Medicinal Plants

A

| Sr. No. | Name of SMPB & Address |
|---|---|
| 1 | **Andhra Pradesh State Medicinal and Aromatic Plants Board**<br>D. No:-22-19, 4th Floor, Jasthi Towers, Saipuram Colony Road, Gollapudi, Vijayawada Andhra Pradesh- 521225 |
| 2 | **Andaman & Nicobar Plant Board (Society)**<br>Office of the Chief Conservator of Forests, Research and Working Plan, Silva Complex, Horticulture Road, Haddo, Sri Vijaya Puram, Pin 744102 |
| 3 | **Arunachal Pradesh State Medicinal Plants Board**<br>Van Vihar, Chimpu, Itanagar, Arunachal Pradesh – 791113 District; Papum Pare |
| 4 | **State Medicinal Plants Board, Assam**<br>Office of the Member Secretary, State Medicinal Plants Board, Assam<br>Lankeshwar,Guwahati-781014 |
| 5 | **State Medicinal Plant Board, Bihar, Patna**<br>6th Floor, SMPB, Ayush society, State Health Society, Behind IGIMS, Sheikhpura, Patna - 80014, Bihar |
| 6 | **Medicinal Plants Board, UT Chandigarh**<br>Forest & Wildlife Department 2nd Floor, Paryavaran Bhawan, Madhya Marg, Sector –19B, Chandigarh– 160019 |
| 7 | **Chhattisgarh Tribal, Local Health Traditions & Medicinal Plants Board**<br>First Floor, State Forest Research and Training Institute, Infront of Auditor General Chhattisgarh office, Near Vidhan Sabha, Zero Point, Baloda Bazar Road, Raipur (Chhattisgarh) – 493111 |
| 8 | **Dadra and Nagar Haveli & Daman and Diu** |
| 9 | **Delhi (UT)**<br>Government of NCT of Delhi, Tibbia College Camplex, Karol Bagh,<br>New Delhi-110005 |
| 10 | **The Goa State Medicinal Plants Board**<br>O/o Dy. Conservator of Forests, Research & Utilisation Division,<br>Aquem Margao Goa 403 601 |
| 11 | **Gujarat Medicinal Plants Board**<br>Block No. 19, 3rd Floor, Dr.Jivraj Maheta Bhavan, Sector-10, Gandhinagar-308010. |
| 12 | **State Medicinal Plants Board Haryana**<br>Directorate of AYUSH, Near Youth Hostel. Sector-3 Panchkula Pin-134109 |
| 13 | **State Medicinal Plants Board Society, Himachal Pradesh**<br>Directorate of AYUSH, AYUSH Bhawan, Block No. 26 SDA Complex, Kasumpti, Shimla-171009, H.P |
| 14 | **State Medicinal Plants Board, J&K**<br>Directorate of Ayush, J&K, Indira Chowk, Jammu – 190 001. & Directorate of Ayush, J&K, Bemina, Srinagar, Kashmir – 190 018. |
| 15 | **State Medicinal Plants Board, Jharkhand**<br>RCH Campus, Namkum, Ranchi - Jharkhand, 834010. |
| 16 | **Karnataka State Medicinal Plants Authority**<br>4th Floor, Vanavikas Building, 18th Cross, Malleshwaram, Bengaluru-560003. (Karnataka) |
| 17 | **State Medicinal Plants Board Kerala**<br>Chief Executive Officer, State Medicinal Plants Board Kerala, Shornur Road, Thiruvambady P.O Thrissur (Dt.) Kerala (St.) 680 002 |
| 18 | **State Medicinal Plant Board (SMPB), Union Territory of Ladakh**<br>Office of Chief Executive officer, State Medicinal Plant Board, Namra Complex, Near Radio Station Leh. 194101 UT- Ladakh |
| 19 | **Lakshadweep Medicinal Plants Board (LMPB)**<br>Department of Environment & Forest Kavaratti Island U.T. of Lakshadweep, Pin: 682555 |
| 20 | **M.P. State Medicinal Plants Board Bhopal**<br>M.P. State Medicinal Plants Board, Room No. 417-418, 4th Floor, Vallabh Bhawan "III" Bhopal (M.P) 462004. |
| 21 | **Maharashtra State Horticulture and Medicinal Plants Board**<br>SakharSankul,1st Floor, Shivaji Nagar,Pune-411005 (Maharashtra) |
| 22 | **Manipur State Medicinal Plants Board**<br>1st Floor, Room No-13, Directorate of AYUSH Building, Lamphelpat-795001 |
| 23 | **Meghalaya State Medicinal Plants Board**<br>Office of the Principal Chief Conservator of Forest & HoFF, Sylvan House, Lower Lachumiere, Shillong-793001 |
| 24 | **State Medicinal Plants Board Mizoram**<br>2nd Floor, AYUSH Development Centre, Directorate of AYUSH, (Near Directorate of Health Services) 796001, MINECO, Aizawl; Mizoram |
| 25 | **State Medicinal Plants Board Nagaland**<br>AYUSH Section Drug Administration Building, Directorate of Health & Family Welfare |
| 26 | **State Medicinal Plants Board Odisha**<br>Forest Headquarters Aranya Bhawan, Chandrasekharpur Bhubaneswar Pin-751023 |
| 27 | **Puducherry Medicinal Plants Board**<br>29, Rue de la Compagnie, Puducherry - 605 001 |
| 28 | **Punjab State Medicinal Plants Board**<br>Forest Complex, 3rd Floor, Tower No. 1, Sector 68, Mohali Punjab |
| 29 | **Rajasthan State Medicinal Plants Board, Jaipur**<br>AYUSH Bhawan, Sector – 26, Pratap Nagar, Jaipur |
| 30 | **State Medicinal Plants Board, Sikkim**<br>Forest & Environment Department, Govt.of Sikkim, Deorali, Gangtok East Sikkim, 37102 |
| 31 | **Telangana Medicinal Plants Board (TGMPB)**<br>5th Floor, TSGLI Building, Tilak Road, Abids, Hyderabad – 500 001. |
| 32 | **Tamil Nadu State Medicinal Plants Board**<br>Tamil Nadu State Medicinal Plants Board, Arignar Anna Hospital Campus, Arumbakkam, Chennai-106 |
| 33 | **Medicinal Plants Board of Tripura**<br>O/o the Chief Executive Officer, Medicinal Plants Board of Tripura (SMPB, Tripura) Van Gabesana Sadan, Gandhigram, Agartala, West Tripura, 799012 |
| 34 | **SMPB, UTTAR PRADESH LUCKNOW**<br>State Institute for Management of Agriculture, RehmanKheda, Lucknow - 226001 |
| 35 | **State Medicinal Plants Board Uttarakhand**<br>229, Indra Nagar Colony, Post-New Forest, Dehradun –248006 |
| 36 | **West Bengal State Medicinal Plants Board**<br>205, Vivekananda Road,3rd Floor, Central Blood Bank Building, Kolkata-700006 |

## Source of Quality Planting Material of Medicinal Plants

| | S. No. | State | Address of Organisation | Contact details |
|---|---|---|---|---|
| B | 1 | Gujarat | The Director,<br>ICAR-Directorate of Medicinal & Aromatic Plants Research,<br>Anand, Gujarat | E-mail.: director.dmapr@icar.gov.in<br>Website: http://www.dmapr.org.in |
| | 2 | Himachal Pradesh | The Director,<br>Dr. Y. S. Parmar University of Horticulture & Forestry , Nauni, Solan, (HP), 173230 | E-mail:<br>dres@yspuniversity.ac.in,<br>dresuhf@yahoo.com,<br>Website: http://www.yspuniversity.ac.in |
| | 3 | Himachal Pradesh | The Director,<br>CSIR- Institute of Himalayan Bioresource Technology,<br>Palampur,<br>Himachal Pradesh 176061, (H.P.) | E-mail: director@ihbt.res.in<br>Website:<br>http://www.ihbt.res.in |
| | 4 | Jammu & Kashmir | The Director,<br>Indian Institute of Integrative Medicine Canal Road, Jammu-Tawi-180001 (INDIA) | Website: http://www.iiim.res.in |
| | 5 | Karnataka | The Director,<br>ICAR- Indian Institute of Hotriculture Research,<br>Hessaraghata Lake,<br>Bangalore-560089 | E-mail: director@iihr.res.in<br>Website : http://www.iihr.res.in |
| | 6 | Kerala | The Director,<br>Kerala Forest Research Institute (KFRI), Peechi, Kerala – 680653 | Email: sujanapalp@gmail.com,<br>Website: www.kfri.res.in |
| | 7 | Uttar Pradesh | The Director,<br>CSIR- Central Institute of Medicinal & Aromatic Plants,<br>Lucknow | E-mail: director@cimap.res.in<br>Website:http://www.cimap.res.in |

| | | Regional Cum Facilitation Centres (RCFC) |
|---|---|---|
| C | 8 | Regional Cum Facilitation Centre (Northern Region -I), Research Institute in Indian Systems of Medicine (RIISM), Joginder Nagar, Dist. Mandi, Himachal Pradesh – 175 015<br>Tel. No. 1908-222970 E-mail: rcfcnorth@gmail.com Website: http://rcfcnorth.in |
| | 9 | Regional Cum Facilitation Centre (Northern Region -II), Sher-e-Kashmir University of Agricultural Sciences & Technology of Kashmir (SKUAST-K), Faculty of Agriculture, Wadura, Sopore - 193201, Jammu & Kashmir<br>E-mail: rcfcnmpb.north@gmail.com ; regional.dir@gmail.com drthmasoodi@gmail.com |
| | 10 | Regional Cum Facilitation Centre (Central Region ), Directorate of Research Services, Jawaharlal Nehru Krishi Vishwa Vidyalaya, Krishi Nagar, Adhartal, Jabalpur - 482004, Madhya Pradesh<br>E-mail: rcfccentraljnkvv@gmail.com ; drgyanendratiwari@gmail.com |
| | 11 | Regional Cum Facilitation Centre (Eastern Region ), Jadavpur University, 188, Raja S.C. Mallick Road,<br>Kolkata – 700032, West Bengal Tel. No. 033-24146799<br>E-mail: rcfcnmpb@jadavpuruniversity.in ; rdrcfc@jadavpuruniversity.in,<br>Website: http://www.jaduniv.edu.in |
| | 12 | Regional Cum Facilitation Centre (Southern Region ) Kerala Forest Research Institute (KFRI), Peechi – 680653, Thrissur, Kerala Tel. No. 0487-2690100, Fax: 0487-2690111<br>E-mail: rcfcsouthern@gmail.com ;<br>Website: http://rcfcsouthern.org/contact.html |
| | 13 | Regional Cum Facilitation Centre (Western Region), Department of Botany, Savitribai Phule Pune University,<br>Ganeshkhind, Pune-411007, Maharashtra E-mail: - rcfc.wr.sppu@gmail.com<br>Website: https://rcfcwestern.org |
| | 14 | Regional Cum Facilitation Centre (North Eastern Region), Council of Scientific and Industrial Research - North East Institute of Science & Technology (CSIR–NEIST), NH-37, Pulibor, Jorhat, Assam 785006<br>Email: rcfcneist@gmail.com ; mohan@neist.res.in ; drmohanlal80@gmail.com |

**National Medicinal Plants Board**
**Ministry of Ayush**
1st & 2nd Floor, 1, Sansad Marg, Indian Red Cross Society (IRCS)
Annexe Building,New Delhi-110001
Tel. No. 011-23721840

www.ayush.gov.in www.nmpb.nic.in